विषय- विभागीय अभिविन्यास कार्यक्रम

दिनाकं- 25/11/21

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 2021, श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रथम वर्ष के आगमन के उपलक्ष्य में हिंदी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा विभागीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंजुमाला ने की। उन्होंने नवागंतुक बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खालसा कॉलेज में आगे बढ़ने के लिए विभिन्न प्रकार की संभावनाएं है। यह संभावनाएं उनको विभिन्न प्रकार के सोसाइटी के माध्यम से प्राप्त हो सकती है। डॉ. अंजुमाला ने फिर विभिन्न तरह के सोसाइटी के बारे में बताया और कहा कि आप कैसे इसके माध्यम से आगे बढ़ सकते हैं। इसके बाद कुछ बच्चों की समस्याओं को सुना गया और उनके निवारण की चर्चा की गई। इसके बाद डॉ. रेणु दुग्गल ने हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता के बच्चों का स्वागत किया। फिर उन्होंने कहा कि आपको जब भी कोई प्रॉब्लम हो आप अपने शिक्षकों के साथ बातचीत कर उसे सुलझा सकते हैं। आपके सभी शिक्षक योग्य एवं प्रशिक्षित हैं। अंत में आप सभी को भविष्य के लिए अनंत शुभकामनाएं। इसके बाद डॉ. अंजुमाला के आमंत्रण पर 'मंथन' के संयोजक 'महेन्द्र प्रताप सिंह' ने 'मंथन' के बारे में बताते हुए खालसा परिवार में सभी बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 'मंथन' एक मंच है, जिसके द्वारा आप अपने अंदर के कलात्मक पक्ष को उभारने का कार्य करते हैं।

इसके पश्चात 'प्लेसमेंट सेल' के द्वारा पॉवरपॉइंट प्रस्तुति कर बताया गया कि कैसे आप भविष्य में प्लेसमेंट सेल के साथ जुड़ काम कर सकते हैं और जॉब पा सकते हैं।

इसके बाद डॉ. अमरजीत कौर ने बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि पढ़ लिखकर आगे बढ़े और तरक्की करें। निरंतर अभ्यास करें। अभ्यास ही आपको आगे बढ़ा सकता है।

तत्पश्चात डॉ. दीपमाला ने बच्चों का अभिवादन करते हुए कहा कि आप अपना भविष्य स्वयं तय करते हैं परंतु उसमें शिक्षक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। इसी के साथ प्रधानाचार्य प्रो. गुरमोहिंदर सिंह ने भी सभी

नए छात्रों का स्वागत करते हुए छात्रों के मन में उठने वाले सभी प्रश्नों के जवाब देने के लिए हमेशा मौजूद रहने का भरोसा दिलाया।

इसके बाद विभाग के अन्य शिक्षक डॉ. भूपिंदर कौर, डॉ. शैलजा, डॉ. हरदीप कौर, डॉ. सविलता यादव, डॉ. मनीष ओझा, डॉ. अविनाश कुमार ने बच्चों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, कॉलेज की तमाम गतिविधियों से अवगत कराया और भविष्य में निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके बाद विभाग के शिक्षकों ने छात्रों के तमाम सवालों का जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासा को शांत किया और हर परिस्थिति में उनका साथ देने का भरोसा दिलाया|